nwda.gov.in

स्वास्थ्य और समृद्धि है 'हर घर नल से जल' का लक्ष्य : शेखावत

जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली: जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि 'हर घर नल से जल' का लक्ष्य स्वास्थ्य और समृद्धि है। जल जीवन मिशन से लाखों बच्चों का जीवन बचाया जा रहा है। वह जल शक्ति मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को महरौली स्थित शम्सी तालाब, जहाज महल में आयोजित जल इतिहास उत्सव में बोल रहे थे।

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा जलशक्ति मंत्रालय का राष्ट्रीय जल मिशन का उद्देश्य जल विरासत स्थलों की सुरक्षा के प्रति सार्वजनिक चेतना बढ़ाना, जनता के बीच स्वामित्व की भावना उत्पन्न करना, पर्यटन को बढ़ावा देना और ऐसी विरासत संरचनाओं का जीर्णोद्धार करना है।

शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री की इस दूरगामी सोच से देश में नागरिकों को स्वस्थ और समृद्ध बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 'हर घर नल से जल' योजना देश के नागरिकों के लिए स्वास्थ्य और समृद्धि का प्रतीक है। शेखावत

जल इतिहास उत्सव में जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और एलजी वीके सक्सेना • सौ.: आयोजक

ने कहा कि आम जन के हित की यह अत्यंत सफल योजना है और प्रधानमंत्री मोदी के इस विजन का लाभ देश के करोड़ों लोगों को मिल रहा है। प्रत्येक वर्ष 1.36 लाख बच्चों की प्राण रक्षा हो रही है। यह भव्य आयोजन 15 से 30 नवंबर तक देश के विभिन्न जिलों में 75 'प्राकृतिक जल विरासत संरचनाओं' में मनाए जा रहे 'जल विरासत पखवाड़े' के समापन का प्रतीक है।